# उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

**5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001**
**हेल्पलाइन नम्बर : 8400955546, +91–9151024463**
**Website:www.upsmfac.org Email:upmedicalfaculty@upsmfac.org**

**पत्रांक संख्या–**9920/25 **दिनांक** 08.12.25

सेवा में,

**प्रबंधक / प्रधानाचार्य,**
समस्त नर्सिंग व सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख–रेख संस्थान
उत्तर प्रदेश।

**विषय–राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के लक्ष्यों पर केंद्रित कार्यक्रम ''वयम–2026'' में सभी विश्वविद्यालयों / उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों व अन्य के अनिवार्य सहभागिता के निर्देश के संबंध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या–I/1166221/2025/71-4099/78/2023 दिनांक 05.12.2025 जो इस कार्यालय में ई–मेल के माध्यम से प्राप्त हुआ है, के अन्तर्गत संयोजक, ज्ञानोदय परिषद्, नई दिल्ली के पत्र संख्या–NOV29/2025/03, दिनांक 29.11.2025 (छायाप्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके माध्यम से माघमेला–2026 प्रयागराज में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 में लक्ष्यों पर केंद्रित कार्यक्रम ''वयम (मानवता के उत्थान की युवा दृष्टि)–2026'' में सभी विश्वविद्यालयों / उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों व अन्य को अनिवार्य सहभागिता के सम्बन्ध में निर्देशित करने को कहा गया है।

उक्त के सम्बन्ध में आपको निर्देशत किया जाता है कि केंद्रित कार्यक्रम ''वयम–2026'' हेतु आपके संस्थान में अध्ययनरत अभ्यर्थियों एवं अन्य संबंधितों को ''वयम–2026'' कार्यक्रम में अनिवार्य सहभागिता सुनिश्चित करते हुए कृत कार्यवाही से इस कार्यालय को सूचित करें।

भवदीय,

**(डा0 अनुराग श्रीवास्तव)**
सचिव

पत्रांक संख्या– दिनांक–

**प्रतिलिपि**–श्री चन्द्र शेखर मिश्र, उप सचिव, उ0प्र0 शासन, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–4 लखनऊ को पत्र संख्या–I/1166221/2025/71-4099/78/2023 दिनांक 05.12.2025 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**(डा0 अनुराग श्रीवास्तव)**
सचिव।

संख्या-I/1166221/2025/71-4099/78/2023

प्रेषक,

**चन्द्र शेखर मिश्र,**
उप सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

(1) **महानिदेशक,** चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।

(2) **निदेशक,** एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ/डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान, संस्थान, लखनऊ/राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा/बाल चिकित्सा एवं स्नातकोत्तर शैक्षणिक संस्थान, नोएडा।

(3) **प्रधानाचार्य,** समस्त स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, उ0प्र0/राजकीय मेडिकल कालेज, उ0प्र0 द्वारा महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।

(4) **कुलसचिव,** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ/उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, इटावा/अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ।

**(5) प्रबन्धक,** समस्त निजी क्षेत्र के पैरामेडिकल कालेज, उ0प्र0 द्वारा महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-4 लखनऊः दिनांक 05-12-2025

विषयः- राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के लक्ष्यों पर केंद्रित कार्यक्रम ''वयम-2026'' में सभी विश्वविद्यालयों/उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों व अन्य के अनिवार्य सहभागिता के निर्देश के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक संयोजक, ज्ञानोदय परिषद, नई दिल्ली के पत्र संख्या-NOV29/2025/03, दिनांक-29.11.2025 (छायाप्रति संलग्न) का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से माघमेला-2026 प्रयाग में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के लक्ष्यों पर केंद्रित कार्यक्रम ''वयम (मानवता के उत्थान की युवा दृष्टि)-2026'' में सभी विश्वविद्यालयों/उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों व अन्य को अनिवार्य सहभागिता के संबंध में निर्देशित करने का अनुरोध किया गया है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उक्त पत्र दिनांक-29.11.2025 के क्रम में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः-यथोक्त।

भवदीय,

Digitally signed by
CHANDRA SHEKHAR MISHRA
Date: 05-12-2025 18:54:00

(चन्द्र शेखर मिश्र)

उप सचिव।

संख्या एवं तद्दिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

(1) अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश राज्य सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख-रेख परिषद, लखनऊ।

(2) सचिव, उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकलटी, लखनऊ।

आज्ञा से,

(चन्द्र शेखर मिश्र)

उप सचिव।

1/1166221/2C

# ज्ञानोदय परिषद

ज्ञानोदय परिषद
शोध · बोध · संस्कृति · राष्ट्र

भारतीय ज्ञान परम्परा क्रियान्वयन एवं नीति अनुसंधान परिषद

109ए कॉलरा हाउस लेन, मालवीय नगर, साउथ दिल्ली, नई दिल्ली-110017

NO/0644/SME/2025 दिनांक : 29/11/2025
वि०स०(P)
पत्रांक : NOV29/2025/03

सेवा में,

प्रमुख सचिव
चिकित्सा शिक्षा
उत्तर प्रदेश शासन

01-12-2025 (अपर्णा यू०) सचिव चिकित्सा शिक्षा विभाग

**विषय : राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के लक्ष्यों पर केंद्रित कार्यक्रम "वयम-2026" में सभी विश्वविद्यालयों/ उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों व अन्य के अनिवार्य सहभागिता के निर्देश के संबंध में !**

महोदय,

सादर अवगत कराना है कि मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में माघमेला-2026 प्रयागराज एक वैश्विक आयोजन हो रहा हैं जिसमें ज्ञानोदय परिषद एक भारतीय ज्ञान परम्परा क्रियान्वयन एवं नीति अनुसंधान पर कार्यरत अखिल भारतीय संगठन/संस्थान हैं। परिषद भारतीय संस्कृति एवं ज्ञान परम्परा के मूल्यों के विस्तार के क्षेत्र में निरंतर कई वर्षों से विश्वव्यापी अभियान में कार्यरत है। परिषद का प्रमुख उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपरा एवं उसके वटवृक्ष सदृश्य अन्यान्य अंगों एवं उपांगो तथा प्राचीन काल में स्थापित ज्ञान परंपरा को आधुनिक विज्ञान एवं तकनीक के माध्यम से विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व को सौष्ठव प्रदान करना है। इन्हीं भाव-भावना को दृष्टिगत रखते हुए गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी परिषद वयम-2026 (VAYAM : Vision Accord of Youth for Advancing Mankind-मानवता के उत्थान की युवा दृष्टि) कार्यक्रम माघमेला-2026 तीर्थराज प्रयाग में आयोजित कर रहा है,जिसमें समस्त विश्वविद्यालयों/उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्यनरत विद्यार्थियों व अन्य के समग्र व्यक्तित्व विकास कार्यशाला हेतु आह्वान व आमंत्रित कर रहा है। हम सब अवगत हैं कि माघमेला विश्व का श्रेष्ठतम ऐतिहासिक आयोजन होता है जिसमें भारत की विराट संस्कृति की समग्र अनुभूति होती है। प्रतिभागी माघमेला में विश्व के श्रेष्ठतम आयोजन के व्यवस्थित समूह के स्वरूप का भी विशेष अवलोकन प्राप्त कर सकेंगे। परिषद ने वयम-2026 कार्यक्रम को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के लक्ष्यों पर केंद्रित किया है।

अतः आपसे सानुरोध आग्रह है कि इस भव्य कार्यक्रम में समस्त विश्वविद्यालयों/उच्च शिक्षण संस्थानों को निर्देशित करने की कृपा करें कि प्रत्येक विश्वविद्यालय/उच्च शिक्षण संस्थान न्यूनतम 250 अथवा इससे अधिक विद्यार्थियों व अन्य का पंजीयन कराकर कार्यक्रम में आवश्यक रूप से भेजने का कष्ट करें।

1406/ACS/ME/25

3/VSME/25
PS/SO-4
ue.

सचिव (ME)
कृ०

**संलग्न-**

1. **वयम-2026 आमंत्रण विवरण पत्रक**
2. **ऑनलाइन पंजीयन पोर्टल/वेबसाइट- www.gyanodayparishad.org**
3. **ऑनलाइन पंजीयन QR कोड**

01/12/25
(राजेश सिंह)
निजी सचिव
अपर मुख्य सचिव,
चिकित्सा शिक्षा विभाग,
उ०प्र० शासन।


04/12/25

3/12/25
(प्रभात कुमार)
विशेष सचिव,
चिकित्सा शिक्षा विभाग
उ०प्र० शासन।

भवदीय
शिवेन्द्र कुमार
संयोजक
ज्ञानोदय परिषद
आचार्य शिवेंद्र कुमार
संयोजक-ज्ञानोदय परिषद

STARTUP INDIA | विकसित भारत अभियान | Digital India | Skill India

# युवाओं का आह्वान
# राष्ट्रीय शिक्षा नीति




**के लक्ष्यों व भारतीय ज्ञान परम्परा के मूल्यों पर आधारित कार्यक्रम**

# वयम-2026

**Vision Accord of Youth for Advancing Mankind**

*मानवता के उत्थान की युवा दृष्टि*

## समग्र व्यक्तित्व विकास की पाठशाला

**10 जनवरी - 03 फरवरी 2026**



# वयम यथारूप

'अहं' का विलोम नहीं विस्तार है वयम। 'अहम् ब्रह्मास्मि' से 'तत् त्वमसि' की यात्रा है वयम।
दैवीय शक्तियों का सार है वयम। सज्जन वृत्तियों की पुकार है वयम।
शुभ संकल्पों का आधार है वयम। मानवता का उद्धार है वयम।
सुग्रीव और विभीषण का राम है वयम। किष्किंधा का हनुमान है वयम।
सीता का वरदान है वयम। भारत का सामूहिक गान है वयम।
भविष्य का उन्वान है वयम। कल आज और विहान है वयम।
जय-जवान, जय-किसान है वयम। जय-स्वधर्मबोध, जय-विज्ञान है वयम।
प्रकृति व मानवता का उत्थान है वयम।

## 'वयम' एक संकल्पना

वयम अर्थात हम सब समाहित करता है संपूर्ण सृष्टि को। भेद रहित दृष्टि का प्रथम सोपान है वयम। इसका विस्तार केवल मानव जाति तक सीमित नहीं है, यह चराचर जगत तक विस्तीर्ण है। हमारे पुरखों के सपनों का साक्षी है वयम। हमारे पूर्वजों की आशाओं का समुच्चय है वयम। हमारी प्रेरणा है वयम। हमारा आदर्श है वयम।

इसकी निष्पत्ति के मूल में है हमारी वैदिक उद्घोषणा कि "संपूर्ण जगत ही हमारा कुटुंब है।" हमारे ऋषि-मुनियों ने मनन किया और हमारे हाथों में सौंप दिया मनुष्यता का गौरव। इस गौरव के संरक्षण और संवर्धन का दायित्व लेकर ही हम स्वयं को मनुष्यता का योग्य उत्तराधिकारी सिद्ध कर सकते हैं।

वयम अर्थात 'हम सब' भारतीय वैचारिक दृष्टि से सबसे संपन्न लोग हैं, क्योंकि हमारे पास ही ईश्वर द्वारा दिया गया आशापूर्ण आश्वासन है कि "यदा यदा ही धर्मस्य...." हम ही है जो सफल कर सकते हैं इन विचारों को, कर्म में बदलकर, कर्तव्य को कृतित्व में बदलकर और सुफल कर सकते हैं पूर्वजों द्वारा सौंपी गई ज्ञान परंपरा को।

पिछली सदी में हमने सपना देखा शांतिपूर्ण संसार का, सर्वोदय का लेकिन हमें निराशा हाथ लगी। हमें मिला सूचनाओं का घना जंगल, जिसमें विचारों का शोर है। आज सूचनाएं तो हैं पर ज्ञान नहीं, विचार तो है पर विचारधारा नहीं। विचार हथियार तो बन गए पर उन्हें औजार नहीं बनाया जा सका। हम किस विचार को माध्यम बनाएं सर्वोदय के लक्ष्य को प्राप्त करने का? यह सवाल हमारे सामने हमेशा खड़ा रहेगा। इसके लिए अनिवार्य उत्साह और आवश्यक ऊर्जा कहां से प्राप्त करें? इसका स्रोत क्या हो? इन सभी गंभीर और जटिल लगने वाले प्रश्नों का सरल उत्तर है कि जिन हृदयों में यह भाव जगा है और जिन मस्तिष्कों में इन प्रश्नों ने जन्म लिया है, वही इसका उत्तर भी दे सकते हैं अर्थात इसका उत्तर एक वचन 'मैं' नहीं है बल्कि इसका उत्तर है बहुवचन 'वयम' अर्थात 'हम सब।' हमारे हृदय में उठने वाली इस आकुलता का सम्यक जवाब देने का संकल्प भी हमें ही लेना होगा।

**'वयम' क्या है यह एक शब्द नहीं है.. वयम बहुत ही व्यापक अवधारणा है। वयम एक कार्यक्रम है। वयम एक आयोजन है। वयम एक परियोजना है। वयम एक उद्देश्य है। वयम एक आदर्श है। वयम एक मान्यता है। वयम एक कार्य योजना है। वयम एक लक्ष्य है। और सबसे बढ़कर वयम एक शुभ संकल्प है..**

# "वयम" के कार्यक्रम

**सोच-SOCH**

**Spiritual Orientation for good Community Health**

सुंदर सामुदायिक जीवन के लिए आध्यात्मिक तैयारी

• योग • आयुर्वेद • स्वाध्याय

**ज्ञान-GYAN**

**Growing belongingness amongst Youth And Nurturing joyful life**

युवाओं में अपनेपन का विकास और आनंद पूर्ण जीवन को प्रोत्साहन

• सामुदायिक सेवा • दायित्व बोध का विकास • सह अस्तित्व का बोध • प्राकृतिक जीवन शैली

**मित्र-MITR**

**Mental Integration for Transformation of Relationship**

सामाजिक संबंधों के रुपांतरण का मानसिक संयोजन

• मनोवैज्ञानिक परीक्षण • करियर काउंसलिंग • मोटिवेशन

**भाव-BHAV**

**Balancing Human behavior and Adopting Vision document**

दृष्टिकोण के साथ अनुकूलन हेतु मानव व्यवहार का संतुलन

• कला • साहित्य • संगीत • यात्रा

**तर्क-TARK**

**Training for Adopting the Religious Knowledge**

धार्मिक ज्ञान के साथ अनुकूलन हेतु प्रशिक्षण

• धर्म और विज्ञान की सुसंगतता • धार्मिक जीवन के लक्षण • धर्म और दैनिक जीवन पद्धति

**सत्य-SATY**

**Sanatan values And Teachings for Youth**

युवाओं के लिए सनातन की शिक्षा और जीवन मूल्य

• आध्यात्मिक जीवन के विविध स्तर और उनके आयाम

## कौशल,तकनीकि व उद्यमिता आधारित रोजगार पाठशाला

• कौशल विकास कार्यक्रम • तकनीकि विकास कार्यक्रम • उद्यमिता विकास कार्यक्रम • स्टार्टप व रोजगार कार्यक्रम

## आदर्श व प्राकृतिक जीवन शैली की दिनचर्या के विशिष्ट वातावरण में...

- सात्त्विक ऊर्जापुंज काल ब्रम्ह मुहूर्त में जागरण का आत्मवत अनुभव का साक्षित्व
- योग-व्यायाम के प्राण विद्या परिचयबोध से शारीरिक, मानसिक और आत्मिक अनुशासन संतुलन द्वारा दिन का शुभारम्भ
- मोक्षदायनी गंगा, यमुना, सरस्वती के पावन पवित्र संगम में स्नान-ध्यान का अलौकिक अवसर व पावित्र्य का चिर साक्षित्व
- शुध्द सात्विक व प्राकृतिक पोषण युक्त भोजन
- ज्ञान-विज्ञान बोध का उद्‌बोधन व मुक्त चर्चा
- स्वाध्याय व समझ को विकसित करने का विशेष विशेषज्ञ मार्गदर्शन
- अस्त-व्यस्त जीवन को स्वस्थ-मस्त बनाने का विशेषज्ञों द्वारा व्यावहारिक मार्गदर्शन
- स्वबोध से स्वधर्म की पहचान का विशेषज्ञों द्वारा तर्क-आधारित वैज्ञानिक व व्यावहारिक मार्गदर्शन
- जीवनोपयोगी खेल मनोरंजन का आकर्षक आनन्दमय वातावरण
- प्राकृतिक चिकित्सा व घरेलू उपायों पर विशेषज्ञों द्वारा तर्क-आधारित वैज्ञानिक व व्यावहारिक मार्गदर्शन
- भारतीय जीवन-दर्शन व जीवन मूल्यों पर अनुभवजन्य विशेषज्ञों द्वारा प्रामाणिक मार्गदर्शन
- जीवन का लक्ष्य व आत्म-साक्षात्कार का विशेष विशेषज्ञ मार्गदर्शन
- प्रकृति, समाज और प्राणियों के बीच संतुलन एवं सामंजस्य पर आधारित व्यावहारिक कार्यक्रम
- नैतिक, सामाजिक और आत्मिक कर्तव्यबोध कार्यक्रम
- व्यक्ति, परिवार, समुदाय और समाज कल्याण के कर्तव्यबोध आधारित कार्यक्रम
- कौशल, उद्यमिता व रोजगार हेतु विशेष विशेषज्ञों का मार्गदर्शन

100+ उच्च शिक्षण संस्थानों का आह्वान
100+ योग विशेषज्ञों से विमर्श व मार्गदर्शन का आह्वान
100+ प्रतिष्ठित उद्यमियों से विमर्श व मार्गदर्शन का आह्वान
100+ प्रतिष्ठित स्टार्टअप संस्थानों से विमर्श व मार्गदर्शन का आह्वान
100+ देशभर के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों से विमर्श व मार्गदर्शन का आह्वान
100+ भारतीय मूल के अंतर्राष्ट्रीय शिक्षाविदों से विमर्श व मार्गदर्शन का आह्वान
100+ भारतीय मूल के अंतर्राष्ट्रीय शिक्षण संस्थानों से विमर्श व मार्गदर्शन का आह्वान
100+ प्राकृतिक, आयुर्वेद, योग, होम्योपैथिक फिजियोथेरेपी व एलोपैथिक चिकित्सा के विशेषज्ञों से विमर्श व मार्गदर्शन का आह्वान

पंजीयन हेतु Scan QR

## विशेष

1. सभी को कार्यशाला का प्रशस्तिपत्र/प्रमाणपत्र अनिवार्य रूप से प्रदान किया जाएगा
2. कार्यशाला के दौरान होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता होने पर प्रशस्तिपत्र/प्रमाणपत्र व पुरस्कार प्रदान किया जाएगा
3. खेल व योग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्रशस्तिपत्र/प्रमाणपत्र व पुरस्कार प्रदान किया जाएगा

**कार्यक्रम स्थल** माघमेला-2026 सेक्टर-2,तीर्थराज प्रयाग संगम क्षेत्र,प्रयागराज,उत्तर प्रदेश

### अवलोकनार्थ...

- कार्यशाला के दौरान आवास,भोजन व सभी आवश्यक सुविधायें पूर्णतः निशुल्क उपलब्ध होगी।
- कार्यक्रम के प्रबन्धन को सुव्यवस्थित बनाने के लिए कार्यशाला में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीयन अनिवार्य है।
- कार्यक्रम की कार्यशाला निरन्तर 25 दिवसीय रहेगी जिसकी अंग्रेजी कैलेंडर अनुसार अवधि 10 जनवरी से 03 फरवरी 2028 तक रहेगी।
- इस कार्यक्रम में प्रत्येक पंजीयन की वैधता मात्र एक दिन व एक रात्रि तक की होगी।
- एक कार्यशाला करने के पश्चात रुचि अनुसार दूसरी कार्यशाला में प्रवेश पाने हेतु कार्यशाला के प्रशासनिक कार्यालय से अनुमति लेना अवश्यक होगा।
- छात्रों/अन्य की संख्यानुसार अनुमति मिलने अथवा न मिलने की दशा में कार्यालय के निर्देशों का पालन सर्वमान्य व अंतिम होगा।
- कार्यक्रम की कार्यशाला में प्रवेश के दौरान आधार कार्ड एवं उसकी एक छायाप्रति साथ में अवश्य लेकर आएं।
- कार्यक्रम की कार्यशाला भारतीय ज्ञान परम्परा के जीवन-दर्शन व जीवन मूल्यों पर आधारित होगी।
- पंजीयन पर पंजीकृत छात्र/अन्य का ही प्रवेश मान्य होगा अन्यथा की स्थित में किसी अन्य को शामिल नही किया जाएगा।
- कार्यशाला मे सहभाग नियत पंजीयन प्रति छात्र/अन्य हेतु देय आयु के अनुसार वय है। कृपया ऑनलाइन पंजीयन के दौरान आधार कार्ड में दर्ज जन्मतिथि ही डालें।
- कार्यक्रम का प्रमाण पत्र/प्रशस्ति पत्र पर पंजीयन में दिया विवरण ही अंकित होगा कृपया विवरण ध्यानपूर्वक भरें।
- पंजीकृत छात्र/अन्य किसी भी अन्य को अपने साथ न लायें ,यदि लायें तो पंजीयन अवश्य कराकर लायें।
- कार्यक्रम मे शामिल होने के लिए आयुसीमा वर्ष 17+ होना अनिवार्य है।
- स्वयं के दैनिक उपयोग की वस्तुएं साथ में अवश्य लाएं।
- कार्यक्रम में कार्यशाला के दौरान प्राथमिक चिकित्सा उपचार और प्रशासनिक सुरक्षा उपलब्ध रहेगी।
- कार्यशाला में किसी भी प्रकार का अनपेक्षित कार्य करने पर कार्यशाला से निष्कासित कर दिया जाएगा।
- कार्यक्रम के निर्धारित नियम और अनुशासन का अक्षरशः पालन करना होगा अन्यथा जिम्मेदारी स्वयं की होगी।
- कार्यक्रम में पंजीकृतों को आवा गमन की सूचना एक सप्ताह पूर्व प्रदान की जायेगी सूचना उपरांत ही पधारें, विना सूचना के आगमन पर कार्यशाला में प्रवेश निषेध होगा।

+91 9454713121 | info@gyanodayparishad.org | www.gyanodayparishad.org

Organized By

ज्ञानोदय परिषद

GYANODAY PARISHAD
Research • Knowledge • Culture • Nation
Council for Indian Knowledge Tradition Execution & Policy Research

Gyanoday Parishad/@gyanodayparishad